# प्रवासी राजस्थानियों ने दुनियाभर में फैलाई राजस्थान की खुशबू - भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के चुनावी दौरे में यह भी कहा कि प्रवासी राजस्थानी सामाजिक सरोकार में सबसे आगे हैं

मलाड/महाराष्ट्र, 16 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत, मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आयोजित राजस्थानी समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान इन्होंने मलाड पश्चिम से महायुति प्रत्याशी विनोद शेलार को समर्थन देकर विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस चुनाव आते ही झूठ और लूट की दुकान खोल देती है। उन्हें न तो राज्य और राष्ट्र से प्रेम है और न ही जनता के हितों से कोई सरोकार। उन्होंने कहा कि स्वार्थ की भावना से ओतप्रोत कांग्रेस और इनके सहयोगियों में गठबंधन नहीं, ठगबंधन की स्थिति है। ये लोग कभी विकास की बात नहीं करते। महाराष्ट्र की जनता अब इनके इरादों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कांग्रेस की झूठ और लूट की दुकान बंद हो गई है। जनता जानती है कि विकास केवल मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। लोगों में भाजपा के प्रति अति उत्साह और उमंग है तथा महाराष्ट्र में बहुत बड़े बहुमत के साथ महायुति की सरकार बनेगी।

**■ मुख्यमंत्री ने मुम्बई के मलाड (पश्चिम) में महायुति प्रत्याशी के समर्थन में राजस्थानी समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया।**

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सिटिजनशिप अमैन्डमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) तथा ट्रिपल तलाक समाप्त करने का विरोध किया और जब महायुति सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदल कर छत्रपति संभाजी नगर रखा, तब भी महाविकास अघाड़ी इसका विरोध करते रहे। कांग्रेस केवल तुष्टीकरण की राजनीति करती है। इन्हें भोलीभाली जनता को फंसा कर अपना काम निकालना आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास में कभी जाति को आधार नही माना। पी.एम. किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं में किसी भी व्यक्ति से जाति-धर्म नहीं पूछा गया। भारतीय जनता पार्टी "सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास" की अवधारणा पर काम करती है।

हमारी सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। राजस्थान में हमारी सरकार ने 11 माह के अल्पकाल में संकल्प पत्र के 50 प्रतिशत वादे पूरे कर दिये हैं। शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के लिए, महाराणा प्रताप हों या छत्रपति शिवाजी, दोनों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया। राष्ट्र को आगे बढ़ाने की प्रेरणा हमें इन्हीं महापुरूषों से मिलती है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने भी अपनी कर्मठता के दम पर राजस्थान की मिट्टी की खुशबू पूरे विश्व भर में फैलाई है। सामाजिक सरोकार के काम में राजस्थानी सबसे आगे रहते हैं। प्याऊ बनाने का काम हो या मंदिर के जीर्णोद्वार का अथवा व्यापार में पहचान बनाने का, मारवाड़ियों ने अपने कर्म से ही हर क्षेत्र में अपनी साख बनाई है।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले "राजस्थान राइज़िंग समिट" के लिए आंमत्रित करते हुए कहा कि वे राजस्थान में निवेश करें, उनके लिए राजस्थान के द्वार हमेशा खुले हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से आव्हान किया कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और समाज को समृद्ध बनाने के लिए एकजुट होकर महायुति को वोट दें। जनता के समर्थन से डबल इंजन की सरकार महाराष्ट्र के सपनों को साकार कर पायेगी। उन्होंने प्रत्याशी विनोद शेलार को अधिक से अधिक मत देकर विजयी बनाने की अपील की।

इससे पहले, शर्मा को गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब का मानद सदस्य बनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, सांसद राजेन्द्र गहलोत, राजस्थान के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी मौजूद थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब का मानद सदस्य बनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व मंत्री शाहनवाज़ हुसैन, सांसद राजेन्द्र गहलोत तथा राजस्थान के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग मौजूद थे।*

## सिंगापुर की...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

रूप में पारस्परिक सम्बन्धों को बढ़ाने के साथ ही, प्रतिनिधिमंडल को भाजपा की संरचना, कार्यशैली तथा भविष्य को लेकर उसकी सोच की गहन जानकारी उपलब्ध कराना है।

## 'आयुर्वेद डॉक्टर भी 62 वर्ष तक सेवा में रह सकते हैं'

जयपुर, 16 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एलोपैथी डॉक्टर्स की तरह आयुर्वेदिक डॉक्टर्स को भी 62 साल की उम्र पूरी होने तक सेवा में बने रहने का हकदार माना है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व वी.के. भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश आयुर्वेद डॉक्टर प्रभुदयाल शर्मा की याचिका पर दिया। याचिका में प्रार्थी ने उसके खिलाफ राज्य सरकार की भेदभावपूर्ण कार्रवाई को चुनौती दी थी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि वह बारां जिले में वरिष्ठ आयुर्वेद डॉक्टर के पद पर कार्यरत था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश होने के बाद भी, उसे 31 अक्टूबर को 60 साल की आयु पूरी होने पर ही रिटायर कर दिया, जबकि उसने विभाग में प्रार्थना पत्र पेश कर उसे 62 साल तक सेवा में बनाए रखने का आग्रह किया था। इसलिए आयुर्वेद विभाग को निर्देश दिए जाएं कि वह उसे 62 साल तक सेवा में रखे। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने प्रार्थी को 60 साल में ही रिटायर कर दिया है, जबकि अन्य कार्मिक काम कर रहे हैं। इसलिए प्रार्थी को भी 62 साल की उम्र पूरी होने तक सेवा में बरकरार रखा जाए।

# झांसी अग्निकांड की जांच के लिये 4 सदस्यीय समिति गठित

## हाई पावर समिति के अलावा झांसी डिविज़नल कमिश्नर, डी.आई.जी तथा अग्निकांड विभाग भी जांच करेंगे

झांसी, 16 नवंबर। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने के घटना की जांच के लिए सरकार ने चार सदस्यों की कमेटी गठित की है। चार सदस्यों की यह कमेटी एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी। समिति को आग के कारणों की पहचान करने और यह निर्धारित करने का काम सौंपा गया है कि क्या इसमें कोई लापरवाही शामिल थी। कमेटी, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सिफारिशें भी देगी। शासन की ओर से सात दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।

सरकार की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, निदेशक (स्वास्थ्य) चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, अपर निदेशक, विद्युत, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, . महानिदेशक, अग्निशमन द्वारा नामित अधिकारी इस घटना की जांच करेंगे। कमेटी की अध्यक्षता महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण करेंगे। बाकी अन्य सदस्य के तौर पर काम करेंगे। कमेटी को जांच करके सात दिन में रिपोर्ट सरकार को सौंपने का आदेश दिया गया है।

**■ शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 7 बच्चों का पोस्ट मार्टम किया गया। तीन बच्चों का, माता-पिता की पहचान नहीं हो पाने के कारण पोस्ट मार्टम नहीं हो सका।**

घटना की त्रिस्तरीय जांच शुरू करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। झांसी मंडलायुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को मामले की जांच करने के लिए कहा गया है, अग्निशमन विभाग भी इस पर गौर करेगा। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। ज्ञातव्य है कि झांसी जिले में शुक्रवार रात महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 शिशुओं की मौत हो गई। इस हादसे में घायल हुए 16 अन्य बच्चे जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## 'लोक अदालत...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

बोर्ड अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि वे अतिक्रमण की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं करने के जिम्मेदार अफसर व कर्मचारियों पर तीन महीने में कार्रवाई करें। हाउसिंग बोर्ड ने हर्जाना राशि तो दे दी, लेकिन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने वाले जिम्मेदार अफसरों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। लोक अदालत ने आदेश का पालन नहीं करने को गंभीर माना और कई बार उन्हें पत्र भेजकर आदेश की पालना करने के लिए कहा, लेकिन इसके बाद भी अध्यक्ष ने पालना नहीं की। इस पर स्थाई लोक अदालत ने हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष को व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है।

# मोदी, अमित शाह व राहुल गांधी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

को आरक्षण देने के विरोधी थे--- राजीव गांधी ने ओ.बी.सी. को आरक्षण देने का विरोध किया था।"

कांग्रेस का कहना है कि मोदी की उपरोक्त बयानबाजी धार्मिक और जाति आधारित तनाव पैदा करने की कोशिश थी। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की महाराष्ट्र के सोलापुर में की गई टिप्पणी "एक हैं तो सेफ हैं," भी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा था कि "अगर ओ.बी.सी. जातियों में बंट गए तो कांग्रेस को ऑक्सीजन मिलेगी। क्या आप कांग्रेस को इस षड्यंत्र में सफल बनाना चाहते हैं? एक हैं तो सेफ हैं।"

एक अन्य घटनाक्रम में मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि धारा 370 पर कांग्रेस का रुख पाकिस्तान जैसा है और कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के स्टार प्रचारक, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर 12 नवम्बर को झारखंड के धनबाद में एक रैली के दौरान "झूठे, विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय" बयान देने का भी आरोप लगाया और कहा कि शाह की टिप्पणी ने आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951, का उल्लंघन किया है।

शिकायत में शाह के इस बयान पर विशेष जोर दिया गया है कि कांग्रेस शिड्यूल्ड कास्ट (एस.सी.), शिड्यूल्ड ट्राइब्स (एस.टी.) तथा अदर बैकवर्ड क्लासेज़ (ओ.बी.सी.) के खिलाफ है तथा आंतकवाद का समर्थन करती है। शाह ने कथित रुप से दावे के साथ कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य एस.सी., एस.टी. तथा ओ.बी.सी. समुदायों को उनके आरक्षणों से वंचित करना है ताकि एक खास धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ पहुँचाया जा सके। कांग्रेस ने इन बयानों को साम्प्रदायिक कलह को भड़काने तथा धार्मिक एवं जातिगत आधार पर वोट पक्के करने की कोशिशें बताया है।

कांग्रेस ने कुछ विशिष्ट कानूनों, जिनमें भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 196, 197 तथा 299 भी शामिल हैं, का हवाला देते हुये, शाह पर आरोप लगाया है कि वे परस्पर शत्रुता बढ़ा रहे हैं, राष्ट्रीय एकता के प्रतिकूल बयान दे रहे हैं तथा धार्मिक भावनाओं को उभारने के कृत्य जानबूझ कर रहे हैं। शिकायत में शाह के भाषण तथा तत्सम्बंधी समाचारों की रिपोर्ट्स के एक वीडियो का भी हवाला दिया गया है।

## 'मीडिया आत्महत्या...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

फ्रीडम इंडैक्स में भारत लगातार नीचे जा रहा है और प्रैस की स्वतंत्रता की बात करें तो वहां भारत निचले स्तर पर है। मोईली ने युवा पत्रकारों व पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने भीतर निडरता से सवाल पूछने की क्षमता पैदा करें। उन्होंने कहा आप देश के लोकपाल हैं। उन्होंने कहा प्रैस को निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए और निडरता से काम करना चाहिए। आज के मीडिया के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है। "सैनिक देश की सीमा की रक्षा करते हैं आप मीडिया वाले स्वतंत्रता के रक्षक हैं और देश में लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं। संविधान अभिव्यक्ति और पसंद की आज़ादी देता है पर क्या आपको वह आज़ादी मिल रही है जो संविधान ने दी है। उन्होंने भावी पत्रकारों को पेशे से जुड़ी चुनौतियों के प्रति सतर्क किया। उन्होंने कहा मीडिया के सामने एक अन्य चुनौती यह है कि प्रधानमंत्री जानकारी साझा करने के लिए पत्रकारों से वार्ता करना भी पसंद नहीं करते हैं।


सत्यमेव जयते
Government of Rajasthan

RAJASTHAN GLOBAL BUSINESS EXPO
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR



SH. BHAJAN LAL SHARMA
Hon'ble Chief Minister, Rajasthan

SH. NARENDRA MODI
Hon'ble Prime Minister

GLOBAL PARTNERSHIPS
LOCAL OPPORTUNITIES

The Government of Rajasthan is organising Rising Rajasthan Global Investment Summit on 9-10-11 December 2024 at JECC, Jaipur. The 3-day Summit will string together 12 thematic sessions, partner country sessions, MSME Conclave and Pravasi Rajasthani Conclave bringing together thousands of people from across the globe.

A key highlight of the summit is the Rajasthan Global Business Expo featuring thematic pavilions such as the Rajasthan Pavilion, Partner Countries Pavilion and Startup Pavilion, and displays from leading companies and government departments.

**Exhibit at Rising Rajasthan Global Business Expo, showcase your offering to the world.**

KEY SECTORS
- Renewable Energy
- Auto & Auto Components
- Logistics & Warehousing
- Agri & Food Processing
- Handloom & Handicrafts
- Education & Skill
- Textiles
- Startups
- Chemicals & Petrochemicals
- Mines & Minerals
- Glass & Ceramics
- ESDM
- Tourism
- Gems & Jewellery
- IT & ITES

For Booking, Contact
+91 9414069764 +91 9910809453
+91 7726898789 +91 9811844434

REGISTER NOW
rising.rajasthan.gov.in

9 DEC Inauguration & Opportunity Showcase
10 DEC Pravasi Rajasthani Conclave
11 DEC MSME Conclave
16 Thematic & Country Sessions

Department of Industries & Commerce, Government of Rajasthan

Rajasthan Samwad


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908